Title : Need to ensure loan to the needy people under *Pradhan Mantri Rojgar Yojana* in Dhule Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री रामदास रुपला गावीत (धुले) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र धुले औद्योगिक दृटि से काफी पिछड़ा क्षेत्र है जिसके कारण क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है। यहां पर छोटे-छोटे व्यवसायी अपना व्यवसाय भारत सरकार की प्रधानमंत्री रोजगार योजना की सहायता से चलाते हैं। बैंक द्वारा व्यावसायियों को ऋण उपलब्ध कराने में बहुत दिक्कतें आ रही हैं। अत: सरकार से मैं विनती करता हूं कि धुले जैसे पिछड़े क्षेत्र का विकास शीघ्र गति से करने के लिए इस क्षेत्र में सरलता लाएं और अधिक युवकों को ऋण सहायता दिलाई जाए।

अत: आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विकास हेतु बेरोजगारी दूर करने का कट करें।